कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) दुमका, झारखंड।

E-Mail.- atma_dumka@rediffmail.com
Website - http://www.atmadumka.co.in

विज्ञापन संख्या 10 /214 / 13.09.2023

कृषि उपादन व्यवसायियों को एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स(DAESI)में नामांकन लेने हेतु आवश्यक सूचना।

निदेशक, समेति, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक –354 दिनांक 04.07.2023 के आलोक में वर्ष 2023–24 में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) दुमका में कृषि उपादान व्यवसायियों हेतु Diploma in Agricultural Extension Services for Input Dealers (DAESI) पाठ्यक्रम संचालित की जानी है।

दुमका जिले के कृषि उपादान विक्रेता (बीज/उर्वरक/कीटनाशी) जो कृषि स्नातक/B.Sc रसायन की उपाधि नहीं रखते है, उन्हें कार्यक्रम में प्रशिक्षण लिये जाने के उपरान्त उनकी अनुज्ञप्ति का नवीकरण अथवा नई अनुज्ञप्ति निर्गत की जा सकती है। वैसे अनुज्ञप्तिधारी एवं 10th Pass आवेदक नामांकन हेतु आवेदन कर सकते है। पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु मैनेज, हैदराबाद के वेबसाईट www.manage.gov.in एवं आत्मा दुमका के वेबसाईट www.atmadumka.co.in से आवेदन प्रपत्र Downlod किया जा सकता है या कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) दुमका से भी प्राप्त किया जा सकता है।

पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन पत्र निबंधित/स्पीडपोस्ट/हाथों–हाथ के माध्यम से भी परियोजन निदेशक, आत्मा, दुमका को दिनांक 30.09.2023 के अपराहन 05:00 बजे तक जमा कर सकते है। नामांकन हेतु कुल अभ्यार्थियों की संख्या – 40 निर्धारित है। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित आवश्यक कागजात संलग्न करें :–

1. DAESI पाठ्यक्रम का विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र।
2. शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण–पत्र की छायाप्रति (अंकपत्र, मूल प्रमाण पत्र)
3. अनुज्ञप्ति (License) की छायाप्रति (बीज/उर्वरक/कीटनाशी)
4. आधार कार्ड की छायाप्रति।
5. पासपोर्ट साईज 02 फोटोग्राफ।
6. रू0 10000/–(दस हजार) मात्र जो अनुज्ञप्तिधारी है एवं गैर अनुज्ञप्तिधारी 20000/–(बीस हजार) रू0 जो 10th Pass आवेदक को डिमाण्ड ड्रॉफ्ट जो Director, SAMETI के नाम से Payable at Ranchi को देय होगा, संलग्न करना होगा।
7. आवेदन पत्र रद्द होने या चयन नहीं होने की स्थिति में डिमाण्ड ड्राफ्ट वापस कर दिया जाएगा।
8. डिमाण्ड ड्राफ्ट को छोड़कर सभी दस्तावेज पर आवेदनकर्त्ता द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

अधिक जानकारी हेतु उप परियोजना निदेशक/परियोजना निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) दुमका से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

विज्ञापन रद्द करने अथवा इसमें बदलने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

13/09/2023
परियोजना निदेशक,
आत्मा, दुमका।